कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन, 6वॉ तल उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3 / यू0जी0–2022 / 3051 लखनऊःदिनांक 23 दिसम्बर, 2022

यू0पी0 नीट यू0जी0–2022 के अन्तर्गत विस्तारित मॉप–अप राउन्ड (आफलाइन) हेतु समय–सारिणी तथा आवश्यक दिशा–निर्देश।

राजकीय / निजी क्षेत्र के मेडिकल / डेण्टल कालेजों / संस्थानों / विश्वविद्यालयों के एम0बी0बी0एस0 / बी0डी0एस0 पाठ्यक्रमो में प्रवेश हेतु विस्तारित माप–अप राउन्ड की समय सारिणी निम्नवत् हैः–

राजकीय मेडिकल कालेज एम0बी0बी0एस0 / बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम की सीटों पर आवंटन की तिथि	दिनांक 26 दिसंबर, 2022 को पूर्वाहन 10.30 बजे **(राजकीय सीटो हेतु सभी अर्ह अभ्यर्थी)**
निजी क्षेत्र की एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम की सीटों पर आवंटन की तिथि	दिनांक 26 दिसंबर, 2022 को मध्याह्न 12.00 बजे **(आल इण्डिया रैंक 500000 तक)**
निजी क्षेत्र की एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम की सीटों पर आवंटन की तिथि **(सीटे रिक्त रहने की दशा मे)**	दिनांक 27 दिसंबर, 2022 को पूर्वाहन 10.00 बजे **(आल इण्डिया रैंक 500001 से सभी अर्ह अभ्यर्थी)**
निजी क्षेत्र की बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम की सीटों पर आवंटन की तिथि	दिनांक 27 दिसंबर, 2022 (पूर्वाहन 11.00 बजे से) **(सभी अर्ह अभ्यर्थी)**
प्रवेश लेने की तिथि	आवंटन की तिथि को ही On Spot प्रवेश प्रकिया सम्पन्न होगी।

- मॉप–अप राउन्ड का आयोजन **के0जी0एम0यू0 लखनऊ के कलाम सेंटर** में किया जायेगा।
- निर्धारित तिथि व समय पर अभ्यर्थियो की व्यक्तिगत उपस्थिति अनिवार्य है।
- विस्तारित मॉप–अप राउण्ड हेतु कोई भी पृथक पंजीकरण नहीं किया जायेगा। मॉप–अप राउन्ड सें पंजीकृत अभ्यर्थी ही विस्तारित माप–अप राउण्ड अर्ह होंगे।
- **विस्तारित मॉप–अप राउन्ड हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होगे, जिन्हे यू0पी0 नीट यू0जी0 2022 की प्रथम, द्वितीय एवं माप–अप राउण्ड से कोई भी सीट आवंटित न हुई हो।**
- **यू0पी0 नीट यू0जी0 2022 की प्रथम, द्वितीय एवं माप–अप राउण्ड से आवंटन प्राप्त प्रवेशित / अप्रवेशित / त्याग पत्र देने वाले अभ्यर्थी विस्तारित मॉप–अप राउन्ड हेतु अर्ह नही है।**
- **ऐसे अभ्यर्थी जो भारतवर्ष के किसी मेडिकल कालेज / संस्थान / विश्वविद्यालय में नीट यू0जी0–2022 के माध्यम से प्रवेशित है वह विस्तारित मॉप अप राउण्ड हेतु अर्ह नहीं होगे।**
- आवंटन के पश्चात् प्रवेश प्रकिया On Spot पूर्ण की जायेगी।
- **निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेज / संस्थान / विश्वविद्यालय में आंवटित अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय ही एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम हेतु न्यूनतम रू0 10.00 लाख तथा निजी क्षेत्र के बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम हेतु रू0 2.00 लाख का सी0टी0एस0 बैंक ड्राफ्ट जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 (Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow के पक्ष में देय हो, को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**
- कुछ अभ्यर्थियो द्वारा मॉप–अप राउण्ड मे पंजीकरण तो कराया था किन्तु पंजीकरण शुल्क तथा सिक्योरिटी धनराशि जमा नहीं कर पाये थे, ऐसे अभ्यर्थी पंजीकरण शुल्क रू0 1000 / – तथा सिक्योारिटी धनराशि रू0, 30,000, रू0 1,00,000 / – तथा रू0 2,00,000 / – का पृथक–पृथक बैंक ड्राफ्ट महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, जो लखनऊ मे देय हो के पक्ष मे लाना अनिवार्य है। अन्यथा की स्थिति मे आवंटन पर विचार नहीं किया जायेगा।
- **निजी क्षेत्र के मेडिकल / डेन्टल कालेजो के शिक्षण शुल्क के अन्तर की धनराशि On Spot जमा किया जाना अनिवार्य है।**
- **यदि कोई अभ्यर्थी यू0पी0 नीट 2022 की प्रथम, द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग एवं मॉप–अप राउण्ड के माध्यम से बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम मे प्रवेशित है, तो ऐसे अभ्यर्थी सिक्योरिटी मनी रू0 2.00 लाख जमा करते हुए मॉप–अप राउण्ड मे प्रतिभाग कर सकते है।**
- **यदि अभ्यर्थी नीट 2022 से पूर्व की कांउसिलिंग के माध्यम से बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम में प्रवेशित है, तो वह अपने समस्त मूल प्रमाण–पत्रों के साथ मॉप–अप राउण्ड में प्रतिभाग कर सकेगा।**

- **बी0डी0एस0 में प्रवेशित इच्छुक छात्रो द्वारा विस्तारित मॉप–अप राउण्ड मे प्रतिभाग करने हेतुं संबंधित कालेजो से त्याग–पत्र देते हुए मूल प्रमाण–पत्रों के साथ आवंटन हेतु उपस्थित होना अनिवार्य है।**
- दिव्यांगता प्रमाण पत्र भारत सरकार द्वारा निर्धारित केन्द्रों से जारी प्रारूप पर ही मान्य होगें।
- *विस्तारित मॉप–अप राउन्ड की प्रवेश प्रकिया के समय अभ्यर्थी को समस्त शैक्षणिक, आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक प्रपत्र मूलरूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में आवंटन/प्रवेश पर विचार नही किया जायेगा।*
- विस्तारित मॉप–अप राउन्ड की कार्यवाही सीटें उपलब्ध होने तक ही की जायेगी।
- अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट https://upneet.gov.in & www.dgme.up.gov.in पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक